केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्या.)
शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत संस्थान
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN (HQs)
An Autonomous Body Under Ministry of Education, Govt. of India
18, Institutional Area, S.J.S. Marg, New Delhi-110016
TEL: 26858570,333
Website: www.kvsangathan.nic.in
Email: kvsbudget@gmail.com

F.No.110242/2025-26/Budget/KVS(HQ) Date: 27.11.2026

उपायुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन,
समस्त क्षेत्रीय कार्यालय

विषय: यूबीआई फीस पोर्टल पर द्वि-कारक प्रमाणीकरण (Two-Factor Authentication) लागू किए जाने के संबंध में।

महोदया/महोदय,

इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 22.05.2026 एवं 06.08.2026 के क्रम में सूचित किया जाता है कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अवगत कराया गया है कि फीस पोर्टल पर OTP आधारित द्वि-कारक प्रमाणीकरण (Two-Factor Authentication) की सुविधा दिनांक **07.12.2026** से लागू की जा रही है।

2. इस संबंध में अवगत कराना है कि Two-Factor Authentication हेतु यूजर आईडी (User ID) के अतिरिक्त संबंधित उपयोगकर्ता का नाम एवं मोबाइल नंबर भी शुल्क पोर्टल प्रणाली में अद्यतन होना आवश्यक है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन, मुख्यालय द्वारा क्षेत्रीय कार्यालयों की यूजर आईडी से संबद्ध यूजर आईडी, नाम एवं मोबाइल नंबर पहले ही अद्यतन कर दिए गए हैं। इसी प्रकार, क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा भी प्राचार्यों एवं शिक्षकों के नाम तथा मोबाइल नंबर यूबीआई फीस पोर्टल पर अद्यतन किए जाने की पुष्टि की गई है। तथापि, यदि किसी क्षेत्रीय कार्यालय की यूजर आईडी से संबद्ध मोबाइल नंबर में कोई परिवर्तन होता है, तो इसकी सूचना केवल ई-मेल (dc-finance@kvs.gov.in) के माध्यम से केन्द्रीय विद्यालय संगठन, मुख्यालय को भेजी जानी आवश्यक है, ताकि फीस पोर्टल में उक्त विवरण अद्यतन किया जा सके। इसी प्रकार, प्राचार्यों एवं शिक्षकों की यूजर आईडी से संबद्ध मोबाइल नंबर में परिवर्तन होने की स्थिति में संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय एवं प्राचार्य क्रमशः प्राचार्यों एवं शिक्षकों के मोबाइल नंबर यूबीआई फीस पोर्टल पर अद्यतन करना सुनिश्चित करेंगे।

3. अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त परिवर्तनों एवं निर्देशों की जानकारी अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी केन्द्रीय विद्यालयों तक प्रसारित करना सुनिश्चित करें, ताकि यूबीआई फीस पोर्टल का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

भवदीय,
(संजय कुमार)
उपायुक्त (वित्त)

प्रतिलिपि:

1. सहायक आयुक्त, आईटी सेल, केन्द्रीय विद्यालय संगठन – केवीएस की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।